**मॉडल पेपर–2025–26**
**विषय– रंजन कला** विषयकोड–149
**कक्षा– 12**

संकेतांक–338

समयः– 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक–100

**नोटः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।**

**निर्देशः** (i) दोनों खण्डों के प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) मुख पृष्ठ सहित ड्राइंग पेपर के ऊपरी सिरे के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंको और शब्दों में अवश्य लिखिए तथा अपने कक्ष–निरीक्षक से प्रत्येक शीट में अनुक्रमांक के नीचे हस्ताक्षर कराइए। केन्द्र व्यवस्थापक की हस्ताक्षर युक्त मोहर अपने प्रत्येक ड्राइंग शीट पर लगवाइए।

## खण्ड–क
## (अनिवार्य)
## (मानव सिर की प्रतिमा का अंकन)

अपने समक्ष रखे हुए प्लास्टर ऑफ पेरिस, चीनी मिट्टी या फाइबर निर्मित किसी 30 से 40 वर्ष के मानव (पुरूष) के सिर की प्रतिमा का किसी भी माध्यम (मीडियम) से एकवर्णी (एक ही रंग की विभिन्न तान) से बना चित्र का अंकन कीजिए। ड्राइंग शीट पर चित्र की लम्बाई 25 सेमी0 से कम न हो।

1.चित्र बनाते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दीजिएः

(क) मानव चेहरे का अनुपात एवं भाव के अनुरूप अभिव्यंजना 30

(ख) प्रकाश, छाया एवं प्रतिच्छाया (त्रिआयामी) का सही प्रयोग 30

(ग) प्रतिमा के पीछे लगे पर्दे पर छाया, प्रकाश व प्रतिच्छाया को भी दर्शाइए। 10

अथवा

(भारतीय चित्रकारी)

प्रश्न पत्र के पृष्ठ संख्या 2 पर दिये गये भारतीय चित्र के रेखांकन को दी गयी ड्राइंग–शीट पर बड़ा रेखांकित कर चित्रित कीजिए। अनुकृति की माप लम्बाई में 25 सेमी0 से कम न हो।

अनुकृति चित्रित करते समय निम्नांकित बिन्दुओं पर ध्यान दीजिएः

(क) सटीक रेखांकन 20

(ख) अनुरूपता 15

(ग) प्रभावी रंग योजना एवं सामंजस्य 20

(घ) सम्पूर्ण अभिव्यक्ति एवं फिनिशिंग 15

नोटः चित्रांकन में रंग योजना हेतु परीक्षार्थी स्वतन्त्र हैं। वे अनेक रंगो का प्रयोग कर सकते हैं, किन्तु चित्र आकर्षक होना चाहिए।

(चित्र के लिए पृष्ठ संख्या 2 देखिए)

## खण्ड–ख
## (चित्र– संयोजन)

निम्नलिखित में किसी एक प्रश्न का उत्तर देना है।

2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक को दी गई ड्राइंग शीट पर चारों ओर 2 सेमी का बार्डर बनाकर पूरे पृष्ठ पर चित्र संयोजित कीजिए। चित्र में मानव आकृति को प्रमुखता दीजिए। भारतीय चित्र शैली में चित्र को उसके विषय के अनुकूल पृष्ठभूमि के साथ आकर्षक एवं उपयुक्त रंगों के साथ पूरा कीजिए।

(क) पनघट में गगरी लिए बैठी स्त्री
(ख) खिलौने वाला
(ग) श्रृंगार करती स्त्री

चित्र संयोजन में निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखिये:

(i) लयात्मक चित्रांकन 5
(ii) कलात्मक संयोजन 5
(iii) रंग योजना 15
(iv) सामान्य प्रभाव 5

## अथवा
## (भारतीय चित्रकला का इतिहास)

**नोटः दोनों प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न
## (अनिवार्य)

निम्नलिखित प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिये और अपनी उत्तर–पुस्तिका में क्रमानुसार स्पष्ट लिखिए।

(i) कम्पनी चित्र शैली का प्रमुख केन्द्र कहां था? 1
(क) पटना (ख) जयपुर (ख) कलकत्ता (घ) तंजौर

(ii) कागज की कतरनों से बनाये जाने वाले चित्र को क्या कहते हैं? 1
(क) इन्टैग्लियो (ख) लिखोग्राफी (ग) ग्राफिक्स (घ) कोलाज

(iii) कलाकार के रूप में देवी प्रसाद राय चौधरी की क्या पहचान है? 1
(क) मूर्तिकार (ख) चित्रकार (ग) गीतकार (घ) ग्राफिक

(iv) 'बोधिसत्व वज्रपाणि' चित्रण किस शैली के अन्तर्गत आता है? 1
(क) मुगल (ख) अजन्ता (ग) पहाड़ी (घ) राजस्थानी

(v) 'दो शोकाकुल नारी' भित्ति चित्र कहां अंकित है? 1
(क) अजन्ता (ख) बादामी (ग) बाघ (घ) सित्तनावासल

(vi) चित्रकला में मानव देहाकृति को कितने भागों में विभाजित किया है? 1
(क) साढ़े सात भागों में (ख) आठ भागों में (ग) नौ भागों में (घ) दस भागों में

(vii) हड़प्पा से प्राप्त प्रसिद्ध नृत्यांगना मूर्ति किस धातु से बनी है? 1
(क) लौह (ख) तांबा (ग) पीतल (घ)कांस्य

(viii) प्राथमिक (मुख्य) रंग कितने होते हैं? 1
(क) दो (ख) तीन (ग) पाँच (घ) नौ

(ix) लाल रंग में कौन सा रंग मिलाया जाय कि वह नारंगी हो जाय। 1
(क) हरा (ख) नीला (ग) काला (घ) पीला

(x) राजा रवि वर्मा के चित्र का बड़ा संग्रहालय कहाँ है? 1
(क) प्रिंस ऑफ वेल्स
(ख) राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली
(ग) सालारजंग संग्रहालय, हैदराबाद
(घ) चित्रा आर्ट गैलरी, त्रिवेन्द्रम

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः
(क) बंगाल शैली के जनक अवनीन्द्रनाथ टैगोर की कला पर टिप्पणी लिखिए। 10
(ख) यामिनी राय की कला पर एक निबन्ध लिखिए। 10
(ग) मुगल कला के विषय में संक्षेप में लिखिए। 10
(घ) अजन्ता गुफा के चित्रों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 10